an>

Title: Need to construct bridges over rivers Ganga and Kaliganga in Farrukhabad Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित अविलम्बनीय लोक महत्व का मामला उठाने के लिए अनुमति प्रदान की।

महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र गंगा, रामगंगा और काली नदी - इन तीनों नदियों के मध्य का भाग है। हमारे यहाँ फर्रूखाबाद से हरपालपुर होते हुए हरदोई और लखनऊ के लिए जो मार्ग जाता है, उस पर एक ब्रिज की आवश्यकता है और काफी लंबे समय से उस पुल की मांग वहाँ के क्षेत्रीय लोगों द्वारा की जाती रही है। वहाँ पुल न होने के कारण पीपों का पुल बना हुआ है जो कि बरसात में खत्म हो जाता है। इस कारण वहाँ के लोगों को 60-70 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करके आना पड़ता है। वैसे हरपालपुर और फर्रूखाबाद के बीच की दूरी मात्र 15 से 20 किलोमीटर की है। इसी तरह हमारे यहाँ कमालगंज और कड़हर के बीच की दूरी मात्र 10 किलोमीटर की है। वहाँ भी पुल न होने के कारण लोगों को 50 से 60 किलोमीटर चलकर आना पड़ता है। इस तरह से यदि ये दोनों पुल - गंगा और रामगंगा पर बन जाते हैं, एक अर्जुनपुर में बन जाता है और दूसरा कड़हल और कमालगंज के बीच में बन जाता है तो वहाँ के किसानों को फर्रूखाबाद से मुख्यालय से जुड़ने में बहुत कम समय लगेगा और उनकी उपज का उनको वाजिब मूल्य मिलेगा। इससे उस क्षेत्र का विकास भी होगा। अतः मेरी भारत सरकार से मांग है, यहाँ माननीय मुलायम सिंह जी बैठे हैं, इनसे भी मांग है क्योंकि उत्तर प्रदेश में इनकी सरकार है, कि आप यह पुल बनवा देंगे तो उस क्षेत्र का विकास हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री मुकेश राजपूत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।